# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–17 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आज सुबह पांच बज कर छत्तीस मिनट पर भूकम्प के झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तहत आने वाले प्रदेश के गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद समेत कई जिलों में इन झटकों के कारण लोग अपने घरों से बाहर आ गये। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक इसकी तीव्रता चार दशमलव शून्य मापी गयी। भूकम्प का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के करीब रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूकंप के झटकों के बाद सभी से सुरक्षा सावधानियों का पालन करने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में नागरिकों को संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी ।

**********

प्रदेश विधानमण्डल का बजट सत्र कल से शुरू होने जा रहा है। सत्र की तैयारियों के क्रम में आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुयी। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन के सुव्यवस्थित संचालन में सभी सदस्यों का सहयोग मांगा। सर्वदलीय बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत की।

***बहुत एक पॉजिटिव माहौल के अंतर्गत बैठक हुई है सबने विधानसभा को अच्छी तरिके से चलाने अपने सहयोग के लिए हमारे को आश्वासन दिया।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं द्वारा आस्था की डुबकी लगाने का क्रम जारी है। आज शाम चार बजे तक प्राप्त समाचार के मुताबिक एक करोड़ आठ लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर लिया था। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज जिले में प्रशासन और पुलिस यातायात की व्यवस्था को चाक चौबंद करने में जुटे हैं। भारी भीड़ के कारण उत्तर रेलवे ने प्रयागराज के संगम रेलवे स्टेशन को यात्रियों के लिए अट्ठाइस फरवरी को रात बारह बजे तक बंद रखने का फैसला किया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने आज बताया कि यह स्टेशन पहले से बंद चल रहा था। इसके बंद होने की अवधि बढ़ा दी गई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव भी आज प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचें। राज्यपाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुंभ भारत की संस्कृति और परंपराओं का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन प्रयागराज महाकुंभ से लाखों लोगों को रोजगार भी मिला है। मुख्यमंत्री आज लखनऊ में युवा उद्यमियों के साथ संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को निवेश का हब बनाने के लिये उठाये गये कदमों की भी जानकारी दी।

***प्रदेश इन्वेस्टमेंट का एक बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में उभरे इसके लिए हमलोगों ने सिंगल विन्डो प्लेटफार्म तो दिया ही लैंडबैंक भी दिया सुरक्षा का एक बेहतरीन माहौल भी दिया और एक एक स्तर पर मॉनीटरिंग के मैक्निजम को इतना मजबूत किया कि आज कोई एक बार आता है तो उसको लगता है कि हा मुझे अपना निवेश यूपी में करना चाहिए।***

मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों से प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एक जिला एक उत्पाद योजना पर भी चर्चा की।

**********

वाराणसी में काशी–तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में आज तीसरे दिन तमिलनाडु से आये किसानों के समूह ने हनुमान घाट पहुंच कर गंगा स्नान किया। यहां उन्होंने आचार्यों से गंगा के घाटों के इतिहास की विस्तृत जानकारी हासिल की।

**********

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज वाराणसी के केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ के सोलहवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत की प्रगति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। दीक्षांत समारोह को प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के कुलपति प्रोफेसर वांगछुक दोर्जे नेगी ने भी सम्बोधित किया।

**********

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आगामी यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परीक्षा में नकल की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। मुख्य सचिव ने एसटीएफ और एलआईयू के द्वारा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की विशेष निगरानी किये जाने और परीक्षा केन्द्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न होने देने के निर्देश दिये।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले तेईस फरवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। इस अवधि में देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं कुहासा अथवा हल्का कोहरा रहने की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बीस फरवरी को हल्की वर्षा का भी पूर्वानुमान है।

**********